आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक- 24-11-2024 समय- 07:10AM

मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
- प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सप्ताहभर के विदेश दौरे पर रवाना।
- कैलाश मकवाना होंगे प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक, आदेश जारी। एक दिसंबर को संभालेंगे कार्यभार।
- जेंडर आधारित हिंसा पर रोकथाम के लिए प्रदेश में कल से 10 दिसंबर तक चलेगा "हम होंगे क़ामयाब अभियान"

प्रधानमंत्री-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और news on air मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा

मतगणना अंतिम

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारी जनादेश के साथ जीत हासिल की है जबकि झारखंड में इंडिया ब्लॉक के सहयोगी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सत्ता बरकरार रखी है। महाराष्ट्र में कुल 288 सीटों में से बीजेपी को 132 सीटें मिली हैं जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 सीटें जीती हैं। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने 41 सीटें हासिल की हैं। कांग्रेस ने 16 सीटें जीती हैं जबकि एनसीपी शरद पवार समूह ने 10 सीटें हासिल की हैं।

झारखंड की कुल 81 सीटों में से सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा 34 सीटों पर विजयी रही है जबकि राष्ट्रीय जनता दल ने चार और कांग्रेस ने 16 सीटों पर जीत हासिल की है। भाजपा को 21, अन्य को छह सीटों पर जीत मिली है। इधर, प्रदेश की दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में विजयपुर में कांग्रेस ने जीत हासिल की है, जबकि बुधनी में भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस उम्मीदवार को हराया।

प्रधानमंत्री-चुनाव जीत

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुशासन और विकास की जीत है। दिल्ली में कल शाम भाजपा मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम नकारात्मक राजनीति की हार है। श्री मोदी ने कहा कि कई राज्यों में हुए उपचुनावों में भी लोगों ने भाजपा के प्रति भरोसा दिखाया है। श्री मोदी ने कहा कि यह जीत दिखाती है कि लोग केवल विकास चाहते हैं।

श्री मोदी ने पार्टी पर अपना विश्वास व्यक्त करने के लिए महिलाओं, किसानों और युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है और यह नि:संदेह ऐतिहासिक क्षण है।

सीएम विदेश दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उद्योगपतियों को निवेश के लिए आकर्षित करने के लिए पहले विदेश दौरे पर कल रात रवाना हुए। डॉ. यादव ने विदेश रवाना होने के पूर्व मीडिया को जारी संदेश में कहा कि हमने मध्यप्रदेश में संभाग स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव करते हुए हर संभाग को सक्षम बनाने के लिए औद्योगीकरण के लगातार प्रयास किए हैं। यही कारण है कि उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा के साथ शेष संभागों पर भी हम निवेश के अलग-अलग प्रकार के घरानों को आमंत्रित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश आर्थिक रूप से समृद्धशाली बने, सक्षम बने, हमारी बौद्धिक क्षमता के मित्रों को अपने घर पर ही काम मिले और मध्यप्रदेश को उनकी क्षमता का लाभ मिले, इस नाते हमने मध्यप्रदेश के साथ-साथ देश के कई राज्यों से निवेशकों को बुलाने का अभियान चलाया था। कोलकाता, मुंबई, कोयम्बटूर, बेंगलुरू ऐसे कई स्थानों पर रोड शो करते हुए कई उद्योगपतियों को आमंत्रण दिया जा चुका है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कल से एक सप्ताह तक जर्मनी और यूके के दौरे पर हैं।

सर्वदलीय बैठक

सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में सुचारू कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी।

संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद की बैठक नहीं होगी।

हम होंगे कामयाब

प्रदेश में जेंडर आधारित हिंसा की रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान "हम होंगे क़ामयाब" कल से 10 दिसंबर तक चलाया जाएगा। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया कल भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से इस अभियान की शुरुआत करेगी। इस अवसर पर दो दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की गई है। कार्यशाला में सरकारी समन्वय और हितधारकों की ज़िम्मेदारी के माध्यम से जेंडर आधारित हिंसा का समाधान, सामुदायिक पुलिसिंग, महिला सुरक्षा में सहयोगी दृष्टिकोण, जेंडर आधारित हिंसा को समझना और स्थानीय कार्यान्वयन के लिए कार्य योजनाओं का विकास, पीड़ितों के लिए समर्थन प्रणाली को मज़बूत करना, वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और मनोवैज्ञानिक प्रभाव ,महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम एम पी डायल 100 से अंतर्दृष्टि, महिलाओं की सुरक्षा कानूनों और नीतियों की समझ जैसे विषयों पर पहले दिन विषय विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी।

## डीजीपी नियुक्ति

भारतीय पुलिस सेवा के 1988 बैच के अधिकारी कैलाश मकवाना प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक होंगे। देर रात गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। श्री मकवाना वर्तमान में मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमैन हैं। अब वे मध्यप्रदेश के 32वें डीजीपी होंगे। आदेश के मुताबिक श्री मकवाना 1 दिसंबर 2024 को प्रदेश के नए पुलिस मुखिया के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। वे वर्तमान डीजीपी सुधीर सक्सेना की जगह लेंगे। वर्तमान डीजीपी श्री सक्सेना आगामी 30 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं।

## संविधान दिवस

संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन-जागरूकता के लिये 26 नवम्बर को वर्ष भर चलने वाला "हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान" की शुरुआत होने जा रही है। इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग ने शासन के समस्त विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और कलेक्टर्स को पत्र जारी कर निर्देश जारी किये हैं।

## फिल्म महोत्सव

55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित फिल्म 'द स्लगार्ड क्लान' के निर्देशक रस्तिस्लाव बोरोस ने कहा कि स्लोवाकिया एक युवा राष्ट्र है जो बढ़ते पूंजीवाद और उपभोक्तावाद के कारण अपनी प्रामाणिकता खो रहा है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, "मैं अपने देश की आत्मा को दिखाना चाहता था। यह एक बहुत ही युवा देश है। इसे आजाद हुए ज्यादा समय नहीं हुआ है। मैं फिल्म के जरिए कुछ प्रामाणिक दिखाना चाहता था। इसलिए, मैंने वास्तविकता न दिखाने का फैसला किया, बल्कि एक रूपक या दृष्टांत प्रस्तुत करने की कोशिश की। यह मेरे देश के लिए एक सपना है।

देश के युवाओं की सारी आकांक्षाएं उपभोक्तावाद पर आधारित हैं।"

संक्षिप्त समाचार

- राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत बैतूल जिले में परंपरागत रास्तों का चिन्हांकन किया गया और किसानों की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान किया गया।
- गुना जिले में खाद वितरण केंद्रों पर डबल लॉक के सभी केन्द्रों पर 197 मैट्रिक डीएपी खाद वितरण कराया गया। कृषकों की बोनी को देखते हुए गुना नानाखेड़ी सेंटर से आज भी डीएपी खाद का वितरण किया जाएगा।
- डिंडोरी जिले में जन जागरूकता कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित जाएंगे।
- खण्डवा जिले के अंचलों पुनासा विकाखण्ड के उत्कृष्ट विधालय पुनासा में नि:शुल्क वृहद् स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 1 दिसंबर से किया जाएगा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
- प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव सप्ताहभर के विदेश दौरे पर रवाना।
- कैलाश मकवाना होंगे प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक, आदेश जारी। एक दिसंबर को संभालेंगे कार्यभार।
- जेंडर आधारित हिंसा पर रोकथाम के लिए प्रदेश में कल से 10 दिसंबर तक चलेगा "हम होंगे क़ामयाब अभियान"

नुक्कड़ नाटक

रेलवे प्रशासन द्वारा लोको पायलटों की सतर्कता के लिए कल सागर जिले के बीना रेलवे स्टेशन पर "शून्य एसपीएडी" के महत्व पर केंद्रित एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। भारत स्काउट एंड गाइड और सांस्कृतिक अकादमी भोपाल की टीम द्वारा प्रस्तुत "रेल हमारी प्यारी-प्यारी" नामक नुक्कड़ नाटक ने लोको पायलट और यात्रियों दोनों को यह संदेश दिया कि यदि लोको क्रू सतर्क रहे और सिग्नल नियमों का पालन करें, तो रेलवे परिसंपत्तियां और यात्री दोनों सुरक्षित रह सकते हैं।